Series **EF1GH/C** **SET~1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **67/C/1**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*
*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 80*

**नोट / NOTE :**

(i) ***कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 39 हैं ।***
*Please check that this question paper contains **39** printed pages.*

(ii) ***प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।***
*Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*

(iii) ***कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 34 प्रश्न हैं ।***
*Please check that this question paper contains **34** questions.*

(iv) ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
*Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.*

(v) *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
*15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii) यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है — **भाग क** तथा **भाग ख** ।*

*(iii) **भाग क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है ।*

*(iv) **भाग ख** में दो विकल्प हैं अर्थात् — (1) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण, तथा (2) अभिकलित्र लेखांकन । परीक्षार्थियों को **भाग ख** में चयनित विषय के अनुसार केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।*

*(v) प्रश्न संख्या **1** से **16** तथा **27** से **30** तक **एक–एक** अंक के प्रश्न हैं ।*

*(vi) प्रश्न संख्या **17** से **20, 31** तथा **32** तक **तीन–तीन** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(vii) प्रश्न संख्या **21, 22** तथा **33** तक **चार–चार** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(viii) प्रश्न संख्या **23** से **26** तथा **34** तक **छः–छः** अंकों के प्रश्न हैं ।*

*(ix) प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, **एक–एक** अंक के **7** प्रश्नों में, **तीन–तीन** अंकों के **2** प्रश्नों में, **चार–चार** अंकों के **1** प्रश्न में तथा **छः–छः** अंकों के **2** प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।*

**भाग क**

**(साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)**

**1.** (i) एक दूसरे के साथ साझेदारी में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप में कहा जाता है : *1*

(a) साझेदार (b) सदस्य

(c) फर्म (d) स्वामी

**अथवा**

(ii) मधु और राधा एक फर्म में साझेदार थीं तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ एवं हानि का विभाजन करती थीं । 31.03.2023 को समाप्त होने वाले वर्ष की प्रत्येक तिमाही के अंत में मधु ने ₹ 20,000 का आहरण किया । आहरण पर 6% वार्षिक दर से ब्याज प्रभारित किया जाना था । मधु के आहरण पर ब्याज होगा : *1*

(a) ₹ 3,000 (b) ₹ 2,400

(c) ₹ 1,800 (d) ₹ 4,800

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains* ***34*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory***.

*(ii)* *This question paper is divided into* ***two*** *parts —* ***Part A*** *and* ***Part B***.

*(iii)* ***Part A*** *is* ***compulsory*** *for all candidates.*

*(iv)* ***Part B*** *has two options i.e. (1) Analysis of Financial Statements, and (2) Computerised Accounting. Candidates must attempt only* ***one*** *of the given options as per the subject opted in* ***Part B***.

*(v)* *Questions no.* ***1*** *to* ***16*** *and* ***27*** *to* ***30*** *carry* ***1*** *mark each.*

*(vi)* *Questions no.* ***17*** *to* ***20, 31*** *and* ***32*** *carry* ***3*** *marks each.*

*(vii)* *Questions no.* ***21, 22*** *and* ***33*** *carry* ***4*** *marks each.*

*(viii)* *Questions no.* ***23*** *to* ***26*** *and* ***34*** *carry* ***6*** *marks each.*

*(ix)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in* ***7*** *questions of* ***one*** *mark,* ***2*** *questions of* ***three*** *marks,* ***1*** *question of* ***four*** *marks and* ***2*** *questions of* ***six*** *marks.*

## PART A

### (Accounting for Partnership Firms and Companies)

**1.** (i) Persons who have entered into partnership with one another are individually called as : *1*

(a) Partners (b) Members

(c) Firm (d) Owners

**OR**

(ii) Madhu and Radha were partners in a partnership firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. Madhu withdrew ₹ 20,000 in each quarter during the year ended 31.03.2023. Interest on drawings was to be charged @ 6% p.a. Interest on Madhu's drawings will be : *1*

(a) ₹ 3,000 (b) ₹ 2,400

(c) ₹ 1,800 (d) ₹ 4,800

**2.** (i) 'ए' तथा 'बी' एक फर्म के साझेदार थे । उन्होंने फर्म के लाभ में $\frac{1}{3}$ भाग के लिए 'सी' को एक नया साझेदार बनाया । 'सी' ने अपने भाग का अधिग्रहण 'ए' से किया । लाभ में 'ए' का नया भाग होगा : *1*

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{1}{4}$

(c) $\frac{1}{3}$ (d) $\frac{1}{6}$

**अथवा**

(ii) 'पी', 'क्यू' तथा 'आर' एक फर्म के साझेदार थे । 31.03.2022 को 'आर' की मृत्यु हो गई । 'आर' के भाग का अधिग्रहण 'पी' ने कर लिया । फर्म के लाभों में 'पी' का नया भाग होगा : *1*

(a) $\frac{2}{3}$ (b) $\frac{1}{3}$

(c) $\frac{1}{2}$ (d) $\frac{3}{4}$

**3.** (i) 'बी' तथा 'डी' साझेदार थे । साझेदारी संलेख के प्रावधानों के अनुसार 31.03.2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए 'बी' की पूँजी पर ब्याज की गणना ₹ 4,000 की गई । लाभ-हानि विनियोजन खाते में 'बी' की पूँजी पर ब्याज को हस्तांतरित करने की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि होगी : *1*

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | लाभ-हानि विनियोजन खाता | नाम | ₹ 4,000 | |
| | 'बी' का पूँजी खाता | | | ₹ 4,000 |
| (b) | लाभ-हानि विनियोजन खाता | नाम | ₹ 4,000 | |
| | 'बी' की पूँजी पर ब्याज खाता | | | ₹ 4,000 |
| (c) | 'बी' की पूँजी पर ब्याज खाता | नाम | ₹ 4,000 | |
| | लाभ-हानि विनियोजन खाता | | | ₹ 4,000 |
| (d) | लाभ-हानि विनियोजन खाता | नाम | ₹ 4,000 | |
| | 'बी' का चालू खाता | | | ₹ 4,000 |

**अथवा**

**2.** (i) A and B were partners in a firm. They admitted C as a new partner for $\frac{1}{3}$ rd share in the profits of the firm which he acquired from A. A's new share in the profit will be : *1*

(a) $\frac{1}{2}$  (b) $\frac{1}{4}$

(c) $\frac{1}{3}$  (d) $\frac{1}{6}$

**OR**

(ii) P, Q and R were partners in a firm. On 31.03.2022, R died. R's share was taken over by P. P's new share in the profits of the firm will be : *1*

(a) $\frac{2}{3}$  (b) $\frac{1}{3}$

(c) $\frac{1}{2}$  (d) $\frac{3}{4}$

**3.** (i) B and D were partners. According to the provisions of partnership deed, interest on B's capital for the year ended 31.03.2022 was calculated at ₹ 4,000.

The necessary journal entry for transferring interest on B's capital to Profit and Loss Appropriation Account will be : *1*

(a) Profit and Loss Appropriation A/c Dr. ₹ 4,000
To B's Capital A/c ₹ 4,000

(b) Profit and Loss Appropriation A/c Dr. ₹ 4,000
To Interest on B's Capital A/c ₹ 4,000

(c) Interest on B's Capital A/c Dr. ₹ 4,000
To Profit and Loss Appropriation A/c ₹ 4,000

(d) Profit and Loss Appropriation A/c Dr. ₹ 4,000
To B's Current A/c ₹ 4,000

**OR**

(ii) ‘के’ तथा ‘एल’ एक फर्म के साझेदार थे । उनके साझेदारी संलेख में साझेदारों के आहरण पर 12% वार्षिक ब्याज दर से ब्याज लगाने का प्रावधान था । 31.03.2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए ‘एल’ के आहरण पर ब्याज की गणना ₹ 900 की गई । ‘एल’ के आहरण पर ब्याज लगाने की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि होगी : *1*

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) लाभ-हानि विनियोजन खाता | नाम | ₹ 900 | |
| आहरण पर ब्याज खाता | | | ₹ 900 |
| (b) आहरण पर ब्याज खाता | नाम | ₹ 900 | |
| लाभ-हानि विनियोजन खाता | | | ₹ 900 |
| (c) ‘एल’ का पूँजी/चालू खाता | नाम | ₹ 900 | |
| आहरण पर ब्याज खाता | | | ₹ 900 |
| (d) आहरण पर ब्याज खाता | नाम | ₹ 900 | |
| साझेदार का पूँजी/चालू खाता | | | ₹ 900 |

**4.** निम्नलिखित में से किस स्थिति में एक फर्म के व्यवसाय का अनिवार्य रूप से विघटन ***नहीं*** किया जाता है ? *1*

(a) जब एक को छोड़कर सभी साझेदार दिवालिया हो जाएँ ।

(b) जब फर्म का व्यवसाय ग़ैर-कानूनी हो जाए ।

(c) जब विद्यमान साझेदारों के बीच लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन हो जाए ।

(d) जब एक साझेदार जो किसी ऐसे देश का नागरिक है वह विदेशी शत्रु बन जाए क्योंकि उसके देश के साथ भारत का युद्ध घोषित किया गया है ।

**5.** (i) ‘सी’ तथा ‘डी’ एक फर्म के साझेदार थे । ‘ई’ को $\frac{1}{6}$ भाग के लिए एक नया साझेदार बनाया गया । ‘ई’ ने अपने भाग का $\frac{1}{3}$ भाग ‘सी’ से तथा शेष भाग ‘डी’ से प्राप्त किया ।

‘सी’ तथा ‘डी’ का त्याग अनुपात था : *1*

(a) 1 : 2 (b) 1 : 1

(c) 16 : 9 (d) 2 : 1

**अथवा**

(ii) K and L were partners in a firm. Their partnership deed provided that interest on partner's drawings will be charged @ 12% per annum. Interest on L's drawings for the year ended 31.03.2022 was calculated at ₹ 900.

The necessary journal entry for charging interest on L's drawings will be : *1*

(a) Profit and Loss Appropriation A/c Dr. ₹ 900
  To Interest on Drawings A/c ₹ 900

(b) Interest on Drawings A/c Dr. ₹ 900
  To Profit and Loss Appropriation A/c ₹ 900

(c) L's Capital/Current A/c Dr. ₹ 900
  To Interest on Drawings A/c ₹ 900

(d) Interest on Drawings A/c Dr. ₹ 900
  To Partner's Capital/Current A/c ₹ 900

**4.** In which of the following cases is the business of a firm ***not*** dissolved compulsorily ? *1*

(a) When all but one partner becomes insolvent.

(b) When the business of the firm becomes illegal.

(c) When there is a change in profit sharing ratio between existing partners.

(d) When a partner who is a citizen of a country becomes an alien enemy because of the declaration of war with his country and India.

**5.** (i) C and D were partners in a firm. E was admitted as a new partner for $\frac{1}{6}$ share. E acquired $\frac{1}{3}^{rd}$ of his share from C and the remaining from D. *1*

The sacrificing ratio of C and D was :

(a) 1 : 2 (b) 1 : 1

(c) 16 : 9 (d) 2 : 1

**OR**

(ii) 'ए', 'बी' तथा 'सी' एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ एवं हानि का विभाजन करते थे । 01.04.2023 से वे लाभ एवं हानि को बराबर-बराबर विभाजित करने के लिए सहमत हुए । लाभ-विभाजन अनुपात में परिवर्तन के कारण, 'बी' का अधिलाभ या त्याग होगा : *1*

(a) अधिलाभ $\frac{1}{30}$ (b) त्याग $\frac{1}{30}$

(c) अधिलाभ $\frac{5}{30}$ (d) त्याग $\frac{4}{30}$

**6.** 'एस' तथा 'टी' एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । उन्होंने 'यू' को फर्म में एक नया साझेदार बनाया । 'यू' के प्रवेश पर डूबत एवं संदिग्ध ऋणों के लिए ₹ 7,000 का प्रावधान था । डूबत ऋणों के लिए ₹ 3,000 अपलिखित करने का निर्णय लिया गया । शेष देनदार अच्छे समझे गए । उपर्युक्त लेखांकन के लिए पुनर्मूल्यांकन खाते के नाम/जमा पक्ष में लिखी गई राशि होगी : *1*

(a) नाम ₹ 3,000

(b) जमा ₹ 4,000

(c) नाम ₹ 7,000

(d) नाम ₹ 4,000

**7.** एक साझेदारी फर्म के विघटन के समय फर्म की पुस्तकों में विविध देनदार खाते में ₹ 45,000 का तथा डूबत ऋण प्रावधान खाते में ₹ 8,000 का शेष था । विविध देनदार खाते को बंद करने के लिए 'वसूली खाते' के नाम पक्ष में खतौनी की जाने वाली राशि होगी : *1*

(a) ₹ 45,000 (b) ₹ 37,000

(c) ₹ 8,000 (d) ₹ 53,000

**8.** आहरण ₹ 40,000, लाभ का भाग ₹ 24,000 तथा निवेश की गई अतिरिक्त पूँजी ₹ 32,000 का समायोजन करने के पश्चात् 31.03.2022 को एक साझेदार अशोक की पूँजी ₹ 5,00,000 थी । 01.04.2021 को उसकी पूँजी थी : *1*

(a) ₹ 4,84,000

(b) ₹ 5,16,000

(c) ₹ 4,46,000

(d) ₹ 5,96,000

(ii) A, B and C were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. With effect from 01.04.2023, they agreed to share profits and losses equally. Due to change in the profit sharing ratio, B's gain or sacrifice will be : *1*

(a) Gain $\frac{1}{30}$ (b) Sacrifice $\frac{1}{30}$

(c) Gain $\frac{5}{30}$ (d) Sacrifice $\frac{4}{30}$

**6.** S and T were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. They admitted U as a new partner in the firm. On U's admission there existed a provision for bad and doubtful debts of ₹ 7,000. It was decided to write off ₹ 3,000 as bad debts. The remaining debtors were considered as good. The amount to be debited/credited to Revaluation Account on account of the above treatment will be : *1*

(a) Debit ₹ 3,000

(b) Credit ₹ 4,000

(c) Debit ₹ 7,000

(d) Debit ₹ 4,000

**7.** On the dissolution of a partnership firm there existed a balance of ₹ 45,000 in Sundry Debtors Account and a balance of ₹ 8,000 in Provision for Bad Debts Account in the books of the firm. The amount by which 'Realisation Account' will be debited for closing Sundry Debtors Account will be : *1*

(a) ₹ 45,000 (b) ₹ 37,000

(c) ₹ 8,000 (d) ₹ 53,000

**8.** After doing the adjustments regarding drawings ₹ 40,000, share of profit ₹ 24,000 and the additional capital introduced ₹ 32,000, the capital of Ashok, a partner, as on 31.03.2022 was ₹ 5,00,000. His capital as on 01.04.2021 was : *1*

(a) ₹ 4,84,000

(b) ₹ 5,16,000

(c) ₹ 4,46,000

(d) ₹ 5,96,000

**9.** जोश तथा जीवन एक फर्म में साझेदार थे । 31.03.2022 को समाप्त हुए वर्ष में जीवन ने 30.06.2021 से शुरू करके प्रति माह ₹ 5,000 का आहरण किया । साझेदारी संलेख में आहरण पर 12% वार्षिक दर से ब्याज लगाने का प्रावधान था । जीवन के कुल आहरण पर ब्याज की गणना के लिए औसत माह की संख्या होगी : *1*

(a) 6 महीने (b) $6\frac{1}{2}$ महीने

(c) $4\frac{1}{2}$ महीने (d) 5 महीने

**10.** 'एक्स' तथा 'ज़ैड' एक फर्म में साझेदार थे तथा प्रत्येक की पूँजी ₹ 45,000 थी । उन्होंने फर्म के लाभ में $\frac{1}{3}$ भाग के लिए 'वाई' को एक नया साझेदार बनाया । 'वाई' अपनी पूँजी के लिए ₹ 60,000 लाया । फर्म के लाभ में 'वाई' के भाग तथा उसकी पूँजी के अंशदान के आधार पर फर्म की ख्याति होगी : *1*

(a) ₹ 1,80,000 (b) ₹ 1,50,000

(c) ₹ 30,000 (d) ₹ 90,000

**11.** 'सी', 'डी' तथा 'ई' एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । उन्होंने लाभ में $\frac{1}{4}$ भाग के लिए 'एफ' को एक नया साझेदार बनाया, जिसके लिए 'सी', 'डी' तथा 'ई' ने 2 : 1 : 2 के अनुपात में त्याग किया । लाभों में से 'सी' का नया भाग होगा : *1*

(a) $\frac{2}{5}$ (b) $\frac{3}{5}$

(c) $\frac{3}{10}$ (d) $\frac{4}{20}$

**12.** (i) के. सी. लिमिटेड ने जे.सी. लिमिटेड से ₹ 90,000 का कार्यालय फर्नीचर, ₹ 1,80,000 के कार्यालय उपकरण तथा ₹ 20,000 की देयताओं को ₹ 3,60,000 के क्रय प्रतिफल पर लिया । जे.सी. लिमिटेड को भुगतान ₹ 50 प्रत्येक के 9% ऋणपत्रों को 10% बट्टे पर निर्गमित करके किया गया । 'ऋणपत्र निर्गमन बट्टे खाते' के नाम पक्ष में, खतौनी की गई राशि होगी : *1*

(a) ₹ 36,000 (b) ₹ 40,000

(c) ₹ 27,000 (d) ₹ 90,000

**अथवा**

**9.** Josh and Jeevan were partners in a firm. During the year ended 31.03.2022 Jeevan withdrew ₹ 5,000 per month starting from 30.06.2021. The partnership deed provided that interest on drawings will be charged @ 12% per annum. The average number of months for which interest on Jeevan's total drawings will be charged is : *1*

(a) 6 months (b) $6\frac{1}{2}$ months

(c) $4\frac{1}{2}$ months (d) 5 months

**10.** X and Z were partners in a firm with capitals of ₹ 45,000 each. They admitted Y as a new partner for $\frac{1}{3}$ rd share in the profits of the firm. Y brought ₹ 60,000 as his capital. Based on Y's share in the profits of the firm and his capital contribution, the goodwill of the firm will be : *1*

(a) ₹ 1,80,000 (b) ₹ 1,50,000

(c) ₹ 30,000 (d) ₹ 90,000

**11.** C, D and E were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. They admitted F as a new partner for $\frac{1}{4}$ share in the profits which was sacrificed by C, D and E in the ratio of 2 : 1 : 2. C's new share in the profits will be : *1*

(a) $\frac{2}{5}$ (b) $\frac{3}{5}$

(c) $\frac{3}{10}$ (d) $\frac{4}{20}$

**12.** (i) K.C. Ltd. took over office furniture of ₹ 90,000, office equipment of ₹ 1,80,000 from J.C. Ltd. and its liabilities of ₹ 20,000 for a purchase consideration of ₹ 3,60,000. The payment to J.C. Ltd. was made by issue of 9% debentures of ₹ 50 each at a discount of 10%. The amount to be debited to 'Discount on Issue of Debentures Account' will be : *1*

(a) ₹ 36,000 (b) ₹ 40,000

(c) ₹ 27,000 (d) ₹ 90,000

**OR**

(ii) राजा लिमिटेड ने शर्मा लिमिटेड से ₹ 25,00,000 की मशीनरी का क्रय किया । शर्मा लिमिटेड को ₹ 10 प्रत्येक के समता अंशों को 25% प्रीमियम पर निर्गमित करके भुगतान किया गया । समता अंशों के निर्गमन पर 'प्रतिभूति प्रीमियम संचय खाते' के जमा पक्ष में खतौनी की जाने वाली राशि होगी : *1*

(a) ₹ 25,000 (b) ₹ 50,000

(c) ₹ 62,500 (d) ₹ 5,00,000

**13.** *अभिकथन (A) :* वाहक ऋणपत्रों पर ब्याज का भुगतान उस व्यक्ति को किया जाता है, जो इन ऋणपत्रों के साथ संलग्न ब्याज का कूपन प्रस्तुत करता है ।

*कारण (R) :* वाहक ऋणपत्र वे ऋणपत्र होते हैं, जो सुपुर्दगी के द्वारा हस्तांतरित किए जा सकते हैं तथा कम्पनी ऋणपत्र धारकों का कोई रिकॉर्ड नहीं रखती ।

निम्नलिखित में से सही उत्तर का चयन कीजिए : *1*

(a) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(b) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है ।

(c) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(d) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।

*निम्नलिखित काल्पनिक स्थिति को पढ़िए और इसमें दी गई सूचना के आधार पर प्रश्न संख्या 14 तथा 15 के उत्तर दीजिए ।*

1 अप्रैल, 2022 को जाइरा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 5000, 8% ऋणपत्रों को 5% प्रीमियम पर निर्गमित किया जिनका शोधन 3 वर्षों के पश्चात् 10% प्रीमियम पर किया जाएगा ।

**14.** 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष में ऋणपत्रों पर देय ब्याज की कुल राशि होगी : *1*

(a) ₹ 40,000 (b) ₹ 25,000

(c) ₹ 50,000 (d) ₹ 75,000

**15.** 'ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि खाते' के नाम पक्ष में निम्न में से किस राशि की खतौनी होगी ? *1*

(a) ₹ 75,000 (b) ₹ 40,000

(c) ₹ 50,000 (d) ₹ 25,000

(ii) Raja Ltd. purchased machinery for ₹ 25,00,000 from Sharma Ltd. The payment to Sharma Ltd. was made by issue of equity shares of ₹ 10 each at a premium of 25%. The amount to be credited to the 'Securities Premium Reserve Account' on issue of equity shares will be : *1*

(a) ₹ 25,000 (b) ₹ 50,000

(c) ₹ 62,500 (d) ₹ 5,00,000

**13.** *Assertion (A) :* Interest on bearer debentures is paid to a person who produces the interest coupon attached to such debentures.

*Reason (R) :* Bearer debentures are debentures which can be transferred by way of delivery and the company does not keep any record of the debenture holders. *1*

Select the correct answer from the following :

(a) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is wrong.

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(c) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(d) Both Assertion (A) and Reason (R) are wrong.

*Read the following hypothetical situation and answer questions number 14 and 15 on the basis of given information.*

On 1st April, 2022, Zaira Ltd. issued 5000, 8% Debentures of ₹ 100 each at 5% premium, redeemable at a premium of 10% after 3 years.

**14.** The total interest due on debentures for the year ending 31st March, 2023 will be : *1*

(a) ₹ 40,000 (b) ₹ 25,000

(c) ₹ 50,000 (d) ₹ 75,000

**15.** 'Loss on Issue of Debentures Account' will be debited by which of the following amount ? *1*

(a) ₹ 75,000 (b) ₹ 40,000

(c) ₹ 50,000 (d) ₹ 25,000

**16.** बी बी लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 4000 अंशों का हरण ₹ 5 प्रति अंश की अंतिम याचना का भुगतान न करने पर कर लिया । हरण की गई राशि ₹ 20,000 थी । प्रति अंश न्यूनतम राशि जिन पर इन अंशों को पुन: निर्गमित किया जा सकता है, होगी : *1*

(a) ₹ 6 (b) ₹ 7

(c) ₹ 5 (d) ₹ 4

**17.** (क) 01.04.2021 को अमन लिमिटेड ने कमल लिमिटेड की ₹ 5,00,000 की मशीनरी, ₹ 3,00,000 का फर्नीचर तथा ₹ 40,00,000 की भूमि एवं भवन का क्रय किया । इसने कमल लिमिटेड के ₹ 8,00,000 के विविध लेनदारों का भी अधिग्रहण किया । क्रय प्रतिफल ₹ 36,00,000 था । कमल लिमिटेड को ₹ 100 प्रत्येक के 9% ऋणपत्रों को 10% छूट पर निर्गमित करके भुगतान किया गया । 31.03.2022 को कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार 'ऋणपत्र निर्गमन बट्टे खाते' को अपलिखित करने का निर्णय लिया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए अमन लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) 01.04.2021 को बैन लिमिटेड ने केयरस लिमिटेड से ₹ 17,00,000 की मशीनरी, ₹ 40,00,000 की भूमि एवं भवन का क्रय किया । इसने इसकी ₹ 7,00,000 की देयताओं का भी अधिग्रहण किया । ₹ 60,00,000 के क्रय प्रतिफल का भुगतान निम्न प्रकार किया गया : ₹ 5,00,000 एक चैक के माध्यम से तथा शेष ₹ 100 प्रत्येक के 9% ऋणपत्रों को 10% प्रीमियम पर निर्गमित करके ।

बैन लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**18.** 01.04.2022 को रवि, कवि तथा अवि ने क्रमश: ₹ 6,00,000, ₹ 6,00,000 तथा ₹ 3,00,000 की स्थायी पूँजी के साथ एक साझेदारी फर्म आरंभ की । साझेदारी संलेख में निम्न प्रावधान थे :

(i) 10% वार्षिक दर से पूँजी पर ब्याज ।

(ii) 12% वार्षिक दर से आहरण पर ब्याज ।

(iii) अवि को ₹ 1,20,000 वार्षिक वेतन ।

(iv) लाभ-हानि का विभाजन उनके पूँजी अनुपात में किया जाएगा ।

31.03.2023 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म का शुद्ध लाभ ₹ 3,08,000 था । साझेदारों के आहरण पर ब्याज था : रवि ₹ 4,800, कवि ₹ 4,200 तथा अवि ₹ 3,000.

31.03.2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए रवि, कवि तथा अवि का लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए । *3*

**16.** BB Ltd. forfeited 4000 shares of ₹ 10 each for non-payment of final call of ₹ 5 per share. The forfeited amount was ₹ 20,000. The minimum amount per share at which these shares can be re-issued will be : *1*

(a) ₹ 6 (b) ₹ 7

(c) ₹ 5 (d) ₹ 4

**17.** (a) On 01.04.2021, Aman Ltd. purchased from Kamal Ltd. Machinery ₹ 5,00,000, Furniture ₹ 3,00,000 and Land and Building ₹ 40,00,000. It also took over the sundry creditors of Kamal Ltd. of ₹ 8,00,000. The purchase consideration was ₹ 36,00,000. Payment to Kamal Ltd. was made by issue of 9% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 10%. On 31.03.2022, the company decided to write off 'Discount on Issue of Debentures Account' according to the provisions of Companies Act, 2013.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Aman Ltd. *3*

**OR**

(b) On 01.04.2021, Bain Ltd. purchased from Cayres Ltd., Machinery at ₹ 17,00,000 and Land and Building at ₹ 40,00,000. It also took over its liabilities amounting to ₹ 7,00,000. The purchase consideration of ₹ 60,00,000 was paid as follows : ₹ 5,00,000 through a cheque and the balance by issue of 9% debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Bain Ltd. *3*

**18.** On 01.04.2022, Ravi, Kavi and Avi started a partnership firm with fixed capitals of ₹ 6,00,000, ₹ 6,00,000 and ₹ 3,00,000 respectively. The partnership deed provided for the following :

(i) Interest on capital @ 10% per annum.

(ii) Interest on drawings @ 12% per annum.

(iii) An annual salary of ₹ 1,20,000 to Avi.

(iv) Profits and losses were to be shared in the ratio of their capitals.

The net profit of the firm for the year ended 31.03.2023 was ₹ 3,08,000. Interest on partners' drawings was Ravi ₹ 4,800, Kavi ₹ 4,200 and Avi ₹ 3,000.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account of Ravi, Kavi and Avi for the year ended 31.03.2023. *3*

**19.** 'पी' तथा 'क्यू' एक फर्म में साझेदार थे तथा $2:1$ के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 01.04.2022 को उन्होंने लाभ में $\frac{1}{10}$ भाग के लिए ₹ 50,000 न्यूनतम गारंटी के साथ 'आर' को एक नया साझेदार बनाया । 'पी' तथा 'क्यू' लाभ पहले के अनुपात में ही बाँटते रहेंगे परन्तु 'आर' को दी गई गारंटी में हुई किसी भी कमी को $3:2$ के अनुपात में बाँटेंगे । 31.03.2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का शुद्ध लाभ ₹ 3,00,000 था ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए 'पी' तथा 'क्यू' की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**20.** (क) निशा, प्रिया तथा रजत एक फर्म में साझेदार थे तथा $2:2:1$ के अनुपात में लाभों का विभाजन करते थे । फर्म अपनी पुस्तकें प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को बंद कर देती है । 1 जुलाई, 2022 को प्रिया की मृत्यु हो गई । प्रिया की मृत्यु पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 3,00,000 किया गया तथा फर्म के लाभों में उसके भाग की गणना पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर करनी थी जो ₹ 6,00,000 था ।

प्रिया की मृत्यु के समय ख्याति तथा प्रिया के लाभ में भाग की खतौनी के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) शर्मा तथा वर्मा एक फर्म के साझेदार थे तथा $3:2$ के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । उनकी स्थायी पूँजी क्रमशः ₹ 14,00,000 तथा ₹ 10,00,000 थी । साझेदारी संलेख में निम्न का प्रावधान था :

(i) पूँजी पर 10% वार्षिक दर से ब्याज ।

(ii) आहरण पर 12% वार्षिक दर से ब्याज ।

31.03.2023 को समाप्त हुए वर्ष में शर्मा ने ₹ 2,00,000 का तथा वर्मा ने ₹ 1,00,000 का आहरण किया । 31.03.2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए खाते तैयार करने के पश्चात् यह ज्ञात हुआ कि पूँजी पर ब्याज नहीं दिया गया है तथा आहरण पर ब्याज प्रभारित नहीं किया गया है ।

अपनी कार्य टिप्पणी को स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए, इस अशुद्धि के शोधन के लिए फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**19.** P and Q were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. On 01.04.2022, they admitted R as a new partner for $1/10^{th}$ share of profits with a guaranteed minimum of ₹ 50,000. P and Q continued to share profits as before but agreed to share any deficiency on account of guarantee to R in the ratio of 3 : 2. The net profit of the firm for the year ended 31.03.2023 was ₹ 3,00,000.

Pass necessary journal entries in the books of P and Q for the above transactions. *3*

**20.** (a) Nisha, Priya and Rajat were partners in a firm sharing profits in the ratio of 2 : 2 : 1. The firm closes its books on $31^{st}$ March every year. Priya died on $1^{st}$ July 2022. On Priya's death, the goodwill of the firm was valued at ₹ 3,00,000 and her share in the profits of the firm till the time of her death was to be calculated on the basis of previous year's profit which was ₹ 6,00,000.

Pass necessary journal entries for the treatment of goodwill and Priya's share of profit at the time of her death. *3*

**OR**

(b) Sharma and Verma were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. Their fixed capitals were ₹ 14,00,000 and ₹ 10,00,000 respectively. The partnership deed provided for the following :

(i) Interest on capital @ 10% per annum.

(ii) Interest on drawings @ 12% per annum.

During the year ended 31.03.2023, Sharma withdrew ₹ 2,00,000 and Verma withdrew ₹ 1,00,000. After preparing the accounts for the year ended 31.03.2023, it was realised that interest on capital was not allowed and interest on drawings was not charged.

Showing your working notes clearly pass necessary journal entries in the books of the firm to rectify the above error. *3*

**21.** एम एम लिमिटेड ₹ 10 प्रत्येक के 1,00,00,000 समता अंशों में विभक्त ₹ 10,00,00,000 की अधिकृत अंश पूँजी से पंजीकृत है । कम्पनी ने 10,00,000 समता अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । प्रति अंश राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

आवेदन पर – ₹ 3 प्रति अंश
आबंटन पर – ₹ 4 प्रति अंश
प्रथम एवं अंतिम याचना पर – ₹ 3 प्रति अंश

निर्गम पूर्ण रूप से अभिदत्त हो गया । सभी याचनाएँ माँग ली गईं तथा प्राप्त हो गईं, केवल 1000 अंशों को छोड़कर जिन पर प्रथम एवं अन्तिम याचना प्राप्त नहीं हुई ।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III भाग I के प्रावधानों के अनुसार कम्पनी के स्थिति विवरण में अंश पूँजी दर्शाइए तथा 'खातों के नोट्स' भी तैयार कीजिए । *4*

**22.** 'बी', 'सी' तथा 'डी' एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 5 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31.03.2022 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2022 को 'बी', 'सी' तथा 'डी' का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 1,10,000 | भवन | 2,00,000 |
| संचित कोष | | 60,000 | मशीनरी | 3,00,000 |
| पूँजी : | | | स्टॉक | 2,10,000 |
| बी | 3,00,000 | | देनदार | 80,000 |
| सी | 2,50,000 | | बैंक | 80,000 |
| डी | 1,50,000 | 7,00,000 | | |
| | | 8,70,000 | | 8,70,000 |

01.10.2022 को 'सी' की मृत्यु हो गई । 'सी' की मृत्यु पर ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,87,500 किया गया । सम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन तथा देयताओं के पुनर्निर्धारण से ₹ 10,000 की हानि हुई । साझेदारी संलेख में प्रावधान था कि किसी भी साझेदार की मृत्यु पर ख्याति का लेखांकन ख्याति खाता खोले बिना किया जाएगा । मृत्यु की तिथि तक 'सी' के लाभ की गणना ₹ 70,000 की गई ।

'सी' की मृत्यु पर उसके निष्पादकों को प्रस्तुत करने के लिए 'सी' का पूँजी खाता तैयार कीजिए । यह मानते हुए कि मृत्यु के समय 'सी' के निष्पादकों को उसकी देय राशि के आधे भाग का भुगतान तुरन्त कर दिया गया, 'सी' के निष्पादकों का खाता भी तैयार कीजिए । *4*

**21.** MM Ltd. is registered with an authorised share capital of ₹10,00,00,000 was divided into 1,00,00,000 equity shares of ₹ 10 each. The company invited applications for issuing 10,00,000 equity shares. The amount per share was payable as follows :

On Application – ₹ 3 per share

On Allotment – ₹ 4 per share

On First and Final Call – ₹ 3 per share

The issue was fully subscribed. All calls were made and were duly received except the first and final call on 1000 shares.

Present the share capital in the Balance Sheet of the company as per the provisions of Schedule III Part I of the Companies Act, 2013 and also prepare 'Notes to Accounts'. *4*

**22.** B, C and D were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 5 : 2. On 31.03.2022 their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of B, C and D as at 31st March, 2022**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 1,10,000 | Building | 2,00,000 |
| Reserve Fund | | 60,000 | Machinery | 3,00,000 |
| Capitals : | | | Stock | 2,10,000 |
| B | 3,00,000 | | Debtors | 80,000 |
| C | 2,50,000 | | Bank | 80,000 |
| D | 1,50,000 | 7,00,000 | | |
| | | 8,70,000 | | 8,70,000 |

C died on 01.10.2022. On C's death, goodwill was valued at ₹ 1,87,500. The revaluation of assets and reassessment of liabilities resulted into a loss of ₹ 10,000. The partnership deed provided that on the death of a partner, goodwill will be treated without opening goodwill account. C's share of profit till the date of his death was calculated at ₹ 70,000.

Prepare C's Capital account to be presented to his executors at the time of his death and also C's Executor's account, assuming that half the amount due to him was paid immediately on C's death. *4*

**23.** निम्न स्थितियों में वाई के लिमिटेड की पुस्तकों में ऋणपत्रों के निर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *6*

(i) ₹ 1,000 प्रत्येक के 500, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया गया जिनका शोधन सममूल्य पर करना है ।

(ii) ₹ 20,00,000, 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 6% के बट्टे पर किया गया जिनका शोधन सममूल्य पर करना है ।

(iii) ₹ 100 प्रत्येक के 2000, 8% ऋणपत्रों का निर्गमन 2% बट्टे पर किया गया जिनका शोधन 4% प्रीमियम पर करना है ।

**24.** 'एम', 'एस' तथा 'आर' एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 1 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31.03.2022 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2022 को 'एम', 'एस' तथा 'आर' का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 80,000 | स्थायी परिसम्पत्तियाँ | 1,20,000 |
| पूँजी : | | | स्टॉक | 70,000 |
| एम | 60,000 | | देनदार | 20,000 |
| एस | 50,000 | | बैंक | 60,000 |
| आर | 30,000 | 1,40,000 | | |
| लाभ-हानि खाता | | 50,000 | | |
| | | 2,70,000 | | 2,70,000 |

उपर्युक्त तिथि को फर्म का विघटन हो गया । स्थायी परिसम्पत्तियों से ₹ 1,20,000 तथा स्टॉक से ₹ 10,000 की वसूली हुई । देनदार पुस्तक मूल्य पर वसूल हुए तथा सभी देयताओं का पूर्ण भुगतान कर दिया गया ।

वसूली खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए । *6*

**23.** Pass necessary journal entries for the issue of debentures in the books of YK Ltd. : *6*

(i) Issued 500, 9% debentures of ₹ 1,000 each at par, redeemable at par.

(ii) Issued ₹ 20,00,000, 10% debentures at 6% discount, redeemable at par.

(iii) Issued 2000, 8% debentures of ₹ 100 each at a discount of 2%, redeemable at a premium of 4%.

**24.** M, S and R were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1 : 2. On 31.03.2022, their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of M, S and R as at 31st March, 2022**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 80,000 | Fixed Assets | 1,20,000 |
| Capitals : | | | Stock | 70,000 |
| M | 60,000 | | Debtors | 20,000 |
| S | 50,000 | | Bank | 60,000 |
| R | 30,000 | 1,40,000 | | |
| Profit and Loss A/c | | 50,000 | | |
| | | 2,70,000 | | 2,70,000 |

On the above date the firm was dissolved. Fixed assets realised ₹ 1,20,000 and stock realised ₹ 10,000. Debtors were realised at their book value and liabilities were paid in full.

Prepare Realisation Account and Partners' Capital Accounts. *6*

**25.** (क) सी सी एल लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 75,000 समता अंशों को ₹ 3 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए ।

राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

आवेदन पर – ₹ 2 प्रति अंश

आबंटन पर – ₹ 6 प्रति अंश (प्रीमियम सहित)

प्रथम याचना पर – ₹ 3 प्रति अंश

द्वितीय एवं अंतिम याचना पर – शेष

1,20,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 45,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा अतिरिक्त आवेदन राशि वापिस कर दी गई । शेष आवेदकों को पूर्ण आबंटन कर दिया गया । सभी राशियाँ प्राप्त हो गईं, हरीश, एक अंशधारी को छोड़कर जिसके पास 2000 अंश थे और जिसने प्रथम एवं द्वितीय एवं अंतिम याचना राशि का भुगतान नहीं किया था ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *6*

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित स्थितियों में अंशों को जब्त करने एवं उन्हें पुन: निर्गमित करने पर आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) सी सी लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 10,000 अंशों को जब्त कर लिया जिन पर ₹ 8 प्रति अंश माँगे गए थे । इन अंशों पर ₹ 3 प्रति अंश की आबंटन राशि तथा ₹ 3 प्रति अंश की प्रथम याचना राशि का भुगतान नहीं किया गया था । इनमें से, 2000 अंशों को ₹ 7 प्रति अंश, ₹ 8 प्रदत्त पर पुन: निर्गमित कर दिया गया ।

(ii) जी जी लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के पूर्णत: याचित 2000 अंशों को जब्त कर लिया जिन्हें 10% प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था और जिन पर केवल ₹ 3 प्रति अंश की आवेदन राशि प्राप्त हुई थी । इनमें से, 500 अंशों को ₹ 11 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन: निर्गमित कर दिया गया । *6*

**25.** (a) CCL Ltd. invited applications for issuing 75,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 3 per share.

The amount was payable as follows :

On Application – ₹ 2 per share

On Allotment – ₹ 6 per share (including premium)

On First Call – ₹ 3 per share

On Second and Final Call – Balance

Applications for 1,20,000 shares were received. Application for 45,000 shares were rejected and the excess application money was refunded. Full allotment was made to remaining applicants. All moneys due were received except for Harish, a shareholder holding 2000 shares, who failed to pay the first and second and final call money.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the company. *6*

**OR**

(b) Pass necessary journal entries for the forfeiture and reissue of shares in the following cases :

(i) CC Ltd. forfeited 10,000 shares of ₹ 10 each, ₹ 8 called up, for non-payment of allotment money of ₹ 3 per share and first call of ₹ 3 per share. Out of these, 2000 shares were reissued for ₹ 7 per share, ₹ 8 paid up.

(ii) GG Ltd. forfeited 2000 shares of ₹ 10 each fully called up, issued at a premium of 10% on which only application money of ₹ 3 per share was received. Out of these, 500 shares were re-issued at ₹ 11 per share, fully paid up. *6*

**26.** (क) 'ए' तथा 'बी' एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31.03.2022 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

**31 मार्च, 2022 को 'ए' तथा 'बी' का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| अदत्त व्यय | | 3,000 | बैंक | | 40,000 |
| देय बिल | | 20,000 | स्टॉक | | 60,000 |
| विविध लेनदार | | 1,40,000 | प्राप्य बिल | | 70,000 |
| सामान्य संचय | | 80,000 | देनदार | 1,00,000 | |
| पूँजी : | | | घटा : संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | 5,000 | 95,000 |
| ए | 2,00,000 | | फर्नीचर | | 85,000 |
| बी | 3,00,000 | 5,00,000 | मशीनरी | | 1,10,000 |
| | | | भूमि तथा भवन | | 2,83,000 |
| | | 7,43,000 | | | 7,43,000 |

उपर्युक्त तिथि को लाभों में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए 'सी' को निम्न शर्तों पर एक नया साझेदार बनाया गया :

(i) 'सी' अपनी पूँजी के लिए ₹ 2,00,000 तथा ख्याति प्रीमियम में अपने भाग के लिए ₹ 1,60,000 लाएगा ।

(ii) स्टॉक का मूल्य ₹ 1,500 से बढ़ाया जाएगा ।

(iii) ₹ 5,000 के देनदारों को डूबत ऋणों के रूप में अपलिखित किया जाएगा तथा संदिग्ध एवं डूबत ऋणों के प्रावधान को देनदारों के 10% के बराबर रखा जाएगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए । *6*

**अथवा**

**26.** (a) A and B were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 1. On 31.03.2022, their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of A and B as at 31st March, 2022**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Outstanding Expenses | | 3,000 | Bank | | 40,000 |
| Bills Payable | | 20,000 | Stock | | 60,000 |
| Sundry Creditors | | 1,40,000 | Bills Receivable | | 70,000 |
| General Reserve | | 80,000 | Debtors | 1,00,000 | |
| Capitals : | | | Less : Provision for doubtful Debts | 5,000 | 95,000 |
| A | 2,00,000 | | Furniture | | 85,000 |
| B | 3,00,000 | 5,00,000 | Machinery | | 1,10,000 |
| | | | Land and Building | | 2,83,000 |
| | | 7,43,000 | | | 7,43,000 |

On the above date, C was admitted as a new partner for $\frac{1}{5}$ share in the profits on the following terms :

(i) C will bring ₹ 2,00,000 as her capital and ₹ 1,60,000 as her share of goodwill premium.

(ii) Stock will be appreciated by ₹ 1,500.

(iii) Debtors of ₹ 5,000 will be written off as bad debts and a provision of 10% for bad and doubtful debts will be maintained.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts. *6*

**OR**

(ख) 'बी', 'पी' तथा 'टी' एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31.03.2022 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

**31 मार्च, 2022 को 'बी', 'पी' तथा 'टी' का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 1,40,000 | बैंक | | 1,44,000 |
| सामान्य संचय | | 2,00,000 | स्टॉक | | 66,000 |
| कामगार क्षतिपूर्ति कोष | | 90,000 | देनदार | 1,50,000 | |
| पूँजी : | | | घटा : संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | 20,000 | 1,30,000 |
| बी | 4,00,000 | | फर्नीचर | | 70,000 |
| पी | 2,00,000 | | मशीनरी | | 2,20,000 |
| टी | 1,00,000 | 7,00,000 | भूमि तथा भवन | | 5,00,000 |
| | | 11,30,000 | | | 11,30,000 |

उपर्युक्त तिथि को 'बी' निम्न शर्तों पर फर्म से सेवानिवृत्त हुआ :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 3,60,000 किया जाएगा तथा इसमें 'बी' के भाग का समायोजन ख्याति खाता खोले बिना किया जाएगा ।

(ii) फर्नीचर को ₹ 60,000 तक कम किया जाएगा ।

(iii) कामगार क्षतिपूर्ति का ₹ 1,00,000 का एक दावा स्वीकार किया गया ।

(iv) 'बी' को ₹ 20,000 का भुगतान एक चैक द्वारा किया गया तथा शेष उसके ऋण खाते में स्थानान्तरित कर दिया गया ।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए । *6*

(b) B, P and T were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. On 31.03.2022, their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of B, P and T as at 31st March, 2022**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 1,40,000 | Bank | | 1,44,000 |
| General Reserve | | 2,00,000 | Stock | | 66,000 |
| Workmen's Compensation Fund | | 90,000 | Debtors | 1,50,000 | |
| | | | Less : Provision for Doubtful Debts | 20,000 | 1,30,000 |
| Capitals : | | | Furniture | | 70,000 |
| B | 4,00,000 | | | | |
| P | 2,00,000 | | Machinery | | 2,20,000 |
| T | 1,00,000 | 7,00,000 | | | |
| | | | Land and Building | | 5,00,000 |
| | | 11,30,000 | | | 11,30,000 |

On the above date, B retired from the firm on the following terms :

(i) Goodwill of the firm will be valued at ₹ 3,60,000 and B's share will be adjusted without opening goodwill account.

(ii) Furniture will be reduced to ₹ 60,000.

(iii) A claim of ₹ 1,00,000 was admitted for workmen's compensation.

(iv) B was paid ₹ 20,000 through a cheque and the balance was transferred to his loan account.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts. 6

## भाग ख

## विकल्प – I

## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

**27.** (i) निम्नलिखित में से कौन-सा 'वित्तीय विवरणों के विश्लेषण' का एक साधन है ? *1*

(a) लाभ तथा हानि विवरण (b) स्थिति विवरण

(c) अनुपात विश्लेषण (d) दोनों (a) तथा (b)

**अथवा**

(ii) यदि पाथवे लिमिटेड का प्रचालन अनुपात 30% है, तो इसका प्रचालन लाभ अनुपात होगा : *1*

(a) 100% (b) 30%

(c) 130% (d) 70%

**28.** (i) निम्नलिखित में से कौन-सा ऋण-शोधन क्षमता अनुपात ***नहीं*** है ? *1*

(a) ब्याज आवरण अनुपात

(b) निवेश पर प्रत्याय

(c) ऋण-नियोजित पूँजी अनुपात

(d) कुल परिसम्पत्ति से ऋण अनुपात

**अथवा**

(ii) निम्नलिखित में से कौन-से अनुपात कार्यक्षमता अनुपात कहलाते हैं ? *1*

(a) तरलता अनुपात

(b) ऋण-शोधन क्षमता अनुपात

(c) आवर्त अनुपात

(d) लाभप्रदता अनुपात

**29.** निम्नलिखित में से किस लेन-देन को 'रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य के अन्तर्वाह अथवा बहिर्वाह' में सम्मिलित ***नहीं*** किया जाता है ? *1*

(a) व्यापारिक प्राप्यों से प्राप्त रोकड़

(b) व्यापारिक देयताओं को भुगतान

(c) विपणन-योग्य प्रतिभूतियों की परिपक्वता पर प्राप्त रोकड़

(d) कर्मचारियों को भुगतान

**30.** निम्नलिखित में से किसे 'रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य' में सम्मिलित ***नहीं*** किया जाता है ? *1*

(a) बैंकों में माँग जमा

(b) लघुकालीन विपणन-योग्य प्रतिभूतियाँ

(c) चैक हस्ते

(d) व्यापारिक प्राप्य

## PART B
## OPTION – I
## (Analysis of Financial Statements)

**27.** (i) Which of the following is a tool of 'Analysis of Financial Statements' ? *1*

(a) Statement of Profit and Loss (b) Balance Sheet

(c) Ratio Analysis (d) Both (a) and (b)

**OR**

(ii) If the Operating Ratio of Pathway Ltd. is 30%, its Operating Profit Ratio will be : *1*

(a) 100% (b) 30%

(c) 130% (d) 70%

**28.** (i) Which of the following is ***not*** a Solvency Ratio ? *1*

(a) Interest Coverage Ratio

(b) Return on Investment

(c) Debt to Capital Employed Ratio

(d) Total Assets to Debt Ratio

**OR**

(ii) Which of the following are known as Efficiency Ratios ? *1*

(a) Liquidity Ratios

(b) Solvency Ratios

(c) Activity Ratios

(d) Profitability Ratios

**29.** Which of the following transaction does ***not*** result in 'Inflow or outflow of cash and cash Equivalents' ? *1*

(a) Collection of cash from trade receivables

(b) Payment to trade payables

(c) Cash received on maturity of marketable securities

(d) Payment to employees

**30.** Which of the following is ***not*** included in 'Cash and Cash Equivalents' ? *1*

(a) Demand deposits with banks

(b) Short-term marketable securities

(c) Cheques in hand

(d) Trade receivables

**31.** कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसूची III, भाग I के अनुसार निम्न मदों को मुख्य शीर्षकों तथा उप-शीर्षकों (यदि कोई हैं) में वर्गीकृत कीजिए : *3*

(क) कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर

(ख) कार्य-प्रगति पर

(ग) अग्रिम याचना

**32.** 'इन अनुपातों की गणना दीर्घ काल में व्यवसाय द्वारा इसके ऋणों का भुगतान करने की क्षमता का निर्धारण करने के लिए की जाती है ।' ऐसे किन्हीं तीन अनुपातों को पहचानिए एवं उनके महत्त्व का उल्लेख कीजिए । *3*

**33.** (क) (i) निम्नलिखित सूचना से प्रचालन अनुपात की गणना कीजिए :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| प्रचालन से आगम | : | 10,00,000 |
| प्रचालन आगम की लागत | : | 4,00,000 |
| विक्रय व्यय | : | 80,000 |
| प्रशासनिक व्यय | : | 1,20,000 |

(ii) निम्नलिखित विवरणों से ब्याज आवरण अनुपात की गणना कीजिए :

कर पूर्व शुद्ध लाभ : ₹ 2,00,000

10% दीर्घकालीन ऋण : ₹ 5,00,000

कर दर 40% *2+2=4*

**अथवा**

(ख) जैनिथ लिमिटेड का चालू अनुपात 2 : 1 है । कारण देते हुए बताइए कि निम्नलिखित लेनदेनों में से कौन-से लेनदेन से चालू अनुपात बढ़ेगा, घटेगा या उसमें कोई परिवर्तन नहीं आएगा : *4*

(i) लेनदारों को ₹ 20,000 का भुगतान

(ii) ₹ 80,000 की वस्तुओं का उधार क्रय

(iii) देनदारों से ₹ 15,000 नगद प्राप्त किए

(iv) ₹ 5,00,000 के समता अंशों का निर्गमन

**34.** निम्नलिखित काल्पनिक लेख को पढ़िए तथा उसके आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

शोभा ने 'स्किल इंडिया योजना' के अन्तर्गत हाथ से बुने हुए स्वेटर बेचने के लिए एक छोटा उद्यम प्रारंभ किया । जैसे-जैसे व्यवसाय बढ़ने लगा आगम बढ़ना शुरू हो गया । 1 अप्रैल, 2020 को उसने बारह अन्य एक जैसी सोच वाले लोगों के साथ 'शोभा लिमिटेड' बनाने का निर्णय लिया । 31 मार्च, 2022 को 'शोभा लिमिटेड' का स्थिति विवरण नीचे दिया गया है ।

**31.** Classify the following items under major heads and sub-heads (if any) in the Balance Sheet of a company as per Schedule III, Part I of the Companies Act, 2013 : *3*

(a) Computer Software

(b) Work-in-Progress

(c) Calls in Advance

**32.** 'These ratios are calculated to determine the ability of the business to service its debt in the long run.' Identify and state the significance of three such ratios. *3*

**33.** (a) (i) From the following information, calculate Operating Ratio :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| Revenue from Operations | : | 10,00,000 |
| Cost of Revenue from Operations | : | 4,00,000 |
| Selling expenses | : | 80,000 |
| Administrative expenses | : | 1,20,000 |

(ii) From the following details, calculate Interest Coverage Ratio :

Net Profit before Tax : ₹ 2,00,000

10% Long term debt : ₹ 5,00,000

Tax rate 40% *2+2=4*

**OR**

(b) The Current Ratio of Zenith Ltd. is 2 : 1. State giving reasons, which of the following transactions will improve, reduce or not change the current ratio : *4*

(i) Payment to creditors ₹ 20,000

(ii) Purchased goods on credit ₹ 80,000

(iii) Cash received from debtors ₹ 15,000

(iv) Issue of equity shares ₹ 5,00,000

**34.** Read the following hypothetical text and answer the given questions on this basis :

Shobha started a small enterprise selling hand-knitted sweaters under 'Skill India Scheme'. As the business grew, the revenue started increasing. On 1$^{st}$ April 2020, she decided to form 'Shobha Ltd.' along with twelve other like-minded persons. The Balance Sheet of Shobha Ltd. as at 31$^{st}$ March, 2022, is given below.

स्थिति विवरण में दिए गए आंकड़ों तथा अतिरिक्त सूचना से 'निवेश गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह' तथा 'वित्तीय गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह' की गणना कीजिए । *6*

**31 मार्च, 2022 को शोभा लिमिटेड का स्थिति विवरण**

| विवरण | नोट सं. | 31.3.2022 ₹ | 31.3.2021 ₹ |
|---|---|---|---|
| **I – समता एवं देयताएँ :** | | | |
| 1. अंशधारी निधियाँ | | | |
| (क) समता अंश पूँजी | | 8,00,000 | 6,00,000 |
| (ख) संचय एवं आधिक्य | 1 | 2,00,000 | 50,000 |
| 2. अचल देयताएँ | | | |
| दीर्घकालीन उधार | 2 | 4,00,000 | 3,00,000 |
| 3. चालू देयताएँ | | | |
| (क) व्यापारिक देय | | 40,000 | 45,000 |
| (ख) बैंक अधिविकर्ष | | 1,00,000 | 85,000 |
| (ग) अल्पकालीन प्रावधान | 3 | 30,000 | 20,000 |
| **कुल** | | 15,70,000 | 11,00,000 |
| **II – परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| 1. अचल परिसम्पत्तियाँ | | | |
| स्थायी परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (i) मूर्त परिसम्पत्तियाँ | 4 | 6,00,000 | 5,00,000 |
| (ii) अमूर्त परिसम्पत्तियाँ | 5 | – | 50,000 |
| 2. चालू परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (क) स्टॉक | | 5,00,000 | 4,00,000 |
| (ख) व्यापारिक प्राप्य | | 4,00,000 | 90,000 |
| (ग) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य | | 70,000 | 60,000 |
| **कुल** | | 15,70,000 | 11,00,000 |

From the figures given in the Balance Sheet and additional information, calculate 'Cash Flows from Investing Activities' and 'Cash Flows from Financing Activities'. *6*

**Balance Sheet of SHOBHA Ltd. as at 31st March, 2022**

| Particulars | Note No. | 31.3.2022 ₹ | 31.3.2021 ₹ |
|---|---|---|---|
| **I – Equity and Liabilities :** | | | |
| 1. Shareholders' Funds | | | |
| (a) Equity Share Capital | | 8,00,000 | 6,00,000 |
| (b) Reserves and Surplus | 1 | 2,00,000 | 50,000 |
| 2. Non-Current Liabilities | | | |
| Long-term Borrowings | 2 | 4,00,000 | 3,00,000 |
| 3. Current Liabilities | | | |
| (a) Trade Payables | | 40,000 | 45,000 |
| (b) Bank Overdraft | | 1,00,000 | 85,000 |
| (c) Short-term Provisions | 3 | 30,000 | 20,000 |
| **Total** | | 15,70,000 | 11,00,000 |
| **II – Assets :** | | | |
| 1. Non-Current Assets | | | |
| Fixed Assets | | | |
| (i) Tangible Assets | 4 | 6,00,000 | 5,00,000 |
| (ii) Intangible Assets | 5 | | 50,000 |
| 2. Current Assets | | | |
| (a) Inventories | | 5,00,000 | 4,00,000 |
| (b) Trade Receivables | | 4,00,000 | 90,000 |
| (c) Cash and Cash Equivalents | | 70,000 | 60,000 |
| **Total** | | 15,70,000 | 11,00,000 |

खातों के नोट्स :

| नोट सं. | विवरण | 31.3.2022 ₹ | 31.3.2021 ₹ |
|---|---|---|---|
| 1 | संचय एवं आधिक्य | | |
| | आधिक्य अर्थात् लाभ-हानि विवरण का शेष | 2,00,000 | 50,000 |
| | | 2,00,000 | 50,000 |
| 2 | दीर्घकालीन उधार | | |
| | 10% ऋणपत्र | 4,00,000 | 3,00,000 |
| | | 4,00,000 | 3,00,000 |
| 3 | अल्पकालीन प्रावधान | | |
| | कर प्रावधान | 30,000 | 20,000 |
| | | 30,000 | 20,000 |
| 4 | मूर्त परिसम्पत्तियाँ | | |
| | मशीनरी | 7,00,000 | 6,50,000 |
| | घटा : एकत्रित (संचित) मूल्यह्रास | (1,00,000) | (1,50,000) |
| | | 6,00,000 | 5,00,000 |
| 5 | अमूर्त परिसम्पत्तियाँ | | |
| | ख्याति | – | 50,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

(i) ₹ 1,60,000 लागत की एक मशीनरी को ₹ 20,000 की हानि पर बेचा गया । वर्ष के दौरान ₹ 40,000 मूल्यह्रास लगाया गया ।

(ii) ₹ 1,00,000, 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 31.03.2022 को किया गया था ।

## भाग ख
## विकल्प – II
## (अभिकलित्र लेखांकन)

**27.** (i) कम्प्यूटर से संबंधित बाह्य उपकरण और उनके नेटवर्क को कंप्यूटरीकृत लेखांकन तंत्र में निम्नलिखित घटकों में से किस नाम से जाना जाता है ? *1*

(a) कार्यप्रणाली (b) डाटा

(c) हार्डवेयर (d) सॉफ्टवेयर

**अथवा**

Notes to Accounts :

| Note No. | Particulars | 31.3.2022 ₹ | 31.3.2021 ₹ |
|---|---|---|---|
| 1 | Reserve and Surplus | | |
| | Surplus i.e. Balance in Statement of Profit and Loss | 2,00,000 | 50,000 |
| | | 2,00,000 | 50,000 |
| 2 | Long-term Borrowings | | |
| | 10% Debentures | 4,00,000 | 3,00,000 |
| | | 4,00,000 | 3,00,000 |
| 3 | Short-term Provisions | | |
| | Provision for tax | 30,000 | 20,000 |
| | | 30,000 | 20,000 |
| 4 | Tangible Assets | | |
| | Machinery | 7,00,000 | 6,50,000 |
| | Less : Accumulated Depreciation | (1,00,000) | (1,50,000) |
| | | 6,00,000 | 5,00,000 |
| 5 | Intangible Assets | | |
| | Goodwill | – | 50,000 |

*Additional Information :*

(i) A piece of machinery costing ₹ 1,60,000 was sold at a loss of ₹ 20,000. Depreciation charged during the year amounted to ₹ 40,000.

(ii) ₹ 1,00,000, 10% debentures were issued on 31.3.2022.

## PART B
## OPTION – II
## (Computerised Accounting)

**27.** (i) Computer-related peripherals and their network is known as which of the following components of Computerised Accounting System ? *1*

(a) Procedure (b) Data

(c) Hardware (d) Software

**OR**

(ii) निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य कॉलम अथवा पंक्तियों के मूल्य का अपने आप योग कर लेता है ? *1*

(a) एवीजी (AVG) (b) टोटल (TOTAL)

(c) सम (SUM) (d) ऐड (ADD)

**28.** टैली में खाते का सृजन करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा मैन्यू प्रयोग में लाया जाता है ? *1*

(a) टैली का गेटवे > मास्टर > लेखांकन सूचना > खाता > ऑल्टर

(b) टैली का गेटवे > मास्टर > लेखांकन सूचना > खाता > सृजन

(c) टैली का गेटवे > मास्टर > लेखांकन सूचना > खाता > प्रदर्शन

(d) टैली का गेटवे > सृजन > मास्टर > एडिट > लेखांकन सूचना > खाता

**29.** एक अनुक्रमिक कोड उस कोड को संदर्भित करता है जिनका प्रयोग उन कुछ प्रलेखों में किया जाता है जहाँ : *1*

(a) प्रलेखों को खाता शीर्षक दिए जाते हैं ।

(b) प्रलेखों को विशेष नाम दिए जाते हैं ।

(c) प्रलेखों को विशेष अनुक्रम में व्यवस्थित किया जाता है ।

(d) संख्याओं तथा अक्षरों को लगातार क्रम दिया जाता है ।

**30.** (i) व्यापार खाता तथा लाभ एवं हानि खाता बनाने के लिए आवश्यक प्रविष्टियाँ जानी जाती हैं : *1*

(a) आरम्भिक प्रविष्टियाँ (b) समायोजन प्रविष्टियाँ

(c) अंतिम प्रविष्टियाँ (d) दोनों (a) तथा (b)

**अथवा**

(ii) जब किसी फॉर्मूला अथवा कार्य की किसी दूसरी जगह पर प्रतिलिपि बनाई जाती है, तो वह सैल संदर्भ जो पंक्ति या कॉलम को स्थिर रखता है, जाना जाता है : *1*

(a) रेंज (b) एब्सोल्यूट सैल संदर्भ

(c) रेलेटिव सैल संदर्भ (d) मिश्रित सैल संदर्भ

(ii) Which of the following functions automatically totals a column or row of values ? *1*

(a) AVG (b) TOTAL

(c) SUM (d) ADD

**28.** Which of the following menu is used to create a ledger in Tally ? *1*

(a) Gateway of Tally > Master > Accounting information > Ledger > Alter

(b) Gateway of Tally > Master > Accounting information > Ledger > Create

(c) Gateway of Tally > Master > Accounting information > Ledger > Display

(d) Gateway of Tally > Create > Master > Edit > Accounting information > Ledger

**29.** A sequential code refers to code applied to some documents where : *1*

(a) account heads are assigned to documents.

(b) special names are given to documents.

(c) documents are arranged in special sequence.

(d) numbers and letters are assigned in consecutive order.

**30.** (i) Entries required to make Trading account and Profit and Loss account are known as : *1*

(a) Opening entries (b) Adjustment entries

(c) Closing entries (d) (a) and (b) both

**OR**

(ii) A cell reference that holds either row or column constant when the formula or function is copied to another location is known as : *1*

(a) Range (b) Absolute cell reference

(c) Relative cell reference (d) Mixed cell reference

**31.** लेखांकन सॉफ्टवेयर में 'खातों के समूह' को वर्गीकृत किए जाने वाले दो मुख्य समूहों को समझाइए । *3*

**32.** कंप्यूटरीकृत लेखांकन तंत्र की तीन विशेषताओं को समझाइए । *3*

**33.** (क) स्प्रैडशीट पर काम करते समय कम्प्यूटर की स्क्रीन पर 'Correct # N/A Error' दिखाई देने के क्या कारण होते हैं ? इनका सुधार कैसे किया जा सकता है ? *4*

**अथवा**

(ख) एक चार्ट तैयार करते समय लिए जाने वाले चरणों का उल्लेख कीजिए । *4*

**34.** उस वित्तीय कार्य का नाम बताते हुए उसे समझाइए जिसका प्रयोग भावी भुगतानों की एक शृंखला में आज की करेंसी मूल्य का प्रतिफल जानने के लिए किया जाता है, यह मानते हुए कि ब्याज की दर एवं भुगतान स्थिर हैं । *6*

**31.** Explain the two main groups in which 'Group of Accounts' are classified in accounting software. *3*

**32.** Explain three features of Computerised Accounting System. *3*

**33.** (a) What are the reasons if 'Correct # N/A Error' appears on the computer screen while working on a spreadsheet ? How can it be corrected ? *4*

**OR**

(b) State the steps to be taken in preparation of a chart. *4*

**34.** Name and explain the financial function which will be used to know the returns in today's currency value of a series of future payments assuming constant payments and rate of interest. *6*